रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला
(रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन)
हैदराबाद-500 005

व्यवसाय शिक्षुओं की नियुक्ति

(1961, 1973 और 2014 में यथा संशोधित शिक्षु अधिनियम, 1961 के अंतर्गत)

रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएलआरएल), हैदराबाद एक प्रमुख प्रयोगशाला है. प्रयोगशाला व्यवसाय (आईटीआई) शिक्षुओं की नियुक्ति के लिए युवा और मेधावी भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है. चयन आवश्यकतानुसार शैक्षणिक योग्यता/व्यक्तिगत बातचीत के आधार पर किया जाएगा.

क्र. सं.	श्रेणी	अनिवार्य योग्यता	शिक्षुओं की संख्या	वृत्ति (प्रति माह)
1.	व्यवसाय शिक्षु	इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक में आईटीआई	2	रु.7,700/- - रु. 8050/-
2.		इलेक्ट्रिकल में आईटीआई	2	
3.		फिटर में आईटीआई	3	
4		पेंटर में आईटीआई	3	
5.		ड्राफ्ट्समैन में आईटीआई	3	
6.		फाइबर प्रबलित प्लास्टिक प्रोसेसर में आईटीआई	2	
7.		आईटीआई कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (सीओपीए)	10	
8.		डीजल मैकेनिक में आईटीआई	1	
9.		आईटीआई डाटा एंट्री ऑपरेटर	10	
10.		फोटोग्राफी में आईटीआई	1	

टिप्पणी (1) उपर्युक्त शिक्षुओं के लिए, एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के लिए आरक्षण शिक्षु अधिनियम 1961, शिक्षु नियम 1992 और शिक्षुता (संशोधन) नियम 2015 के प्रावधान के अनुरूप लागू होगा.
(2) ऊपर उल्लिखित शिक्षुओं की संख्या केवल सांकेतिक है और प्राप्त पात्र आवेदनों के अंतिम मूल्यांकन के आधार पर बाद के चरण में बदल सकती है.

शिक्षुओं के चयन के लिए नियम और शर्तें:-

1. व्यवसाय शिक्षुओं के लिए उम्मीदवार **www.apprenticeshipindia.org** पर पंजीकृत होने चाहिए. गैर पंजीकृत उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया जाएगा.
2. केवल **www.apprenticeshipindia.org** के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे.
3. केवल नियमित उम्मीदवारों के रूप में अर्हक परीक्षा (आईटीआई) पूर्ण करने वाले उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं.
4. केवल वर्ष 2019, 2020 और 2021 में अर्हक परीक्षा (आईटीआई) उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार ही पात्र हैं.
5. उपरोक्त व्यवसायों के लिए शिक्षुता का कार्यकाल एक वर्ष होगा, जो शिक्षुता के अनुबंध के निष्पादन से शुरू होगा.
6. कार्यग्रहण के समय चयनित उम्मीदवार द्वारा सिविल सहायक शल्यचिकित्सक से शारीरिक स्वस्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए.
7. डीएलआरएल अत्यधिक संरक्षित प्रतिष्ठान होने के कारण, चयनित उम्मीदवारों को कार्यग्रहण के समय निम्नलिखित प्रमाण-पत्र जमा करना होगा.

क) अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन से पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र. **और**
ख) पूर्ववर्ती शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख या समूह क के राजपत्रित अधिकारी से आचरण/चरित्र प्रमाण-पत्र.

8. विवरण का सत्यापन किया जाएगा और अपेक्षित योग्यता से किसी भी विचलन या गैर-पुष्टि की स्थिति में, उम्मीदवार की उम्मीदवारी को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा.
9. तथ्यों को छिपाना भी चयन प्रक्रिया की किसी भी स्थिति में या प्रशिक्षण अवधि के दौरान अयोग्यता का कारण बन जाएगा.
10. शिक्षु अधिनियम 1961 के अंतर्गत पहले ही शिक्षुता प्राप्त कर चुके या वर्तमान में प्राप्त कर रहे उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.
11. चयन के किसी भी चरण के लिए बुलाए गए आवेदकों को किसी टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा.
12. शिक्षुओं को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में और प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिष्ठान द्वारा कोई भी छात्रावास आवास/क्वार्टर/ट्रांसपोर्ट प्रदान नहीं किया जाएगा. साथ ही समेकित वृत्ति के अलावा कोई भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा.
13. प्रशिक्षण के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण से हटने की अनुमति नहीं दी जाएगी, सिवाय उन कारणों से जो उनके नियंत्रण से बाहर हैं. प्रशिक्षण के प्रारंभ होने से पहले, उम्मीदवारों को शिक्षुता का अनुबंध निष्पादित करना होगा. जो स्वयं अनुपस्थित होते हैं, वे केंद्रीय शिक्षुता सलाहकार द्वारा यथा निर्धारित अपने प्रशिक्षण की पूरी लागत के साथ-साथ वृत्ति के रूप में प्राप्त राशि को वापस करने के लिए उत्तरदायी हैं.
14. प्रशिक्षुता की पेशकश उम्मीदवारों को डीआरडीओ में समावेशन का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है.
15. डीएलआरएल के पास बिना कोई कारण बताए विज्ञापन को वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि परिस्थितियां ऐसी हों.
16. किसी भी विवाद के मामले में, कानूनी क्षेत्राधिकार हैदराबाद में होगा.

आवेदन कैसे करें:

क) योग्य उम्मीदवारों को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के ऑनलाइन वेब पोर्टल अर्थात **www.apprenticeshipindia.org** पर पंजीकरण करना है और पंजीकरण संख्या प्राप्त करनी है. उन्हें आवश्यकतानुसार अपेक्षित दस्तावेज अपलोड करके अपनी प्रोफाइल को अद्यतन बनाना है.

ख) उसी पोर्टल पर उम्मीदवारों को रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएलआरएल) में शिक्षुता के अवसर के लिए आवेदन करना है.

ग) ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, आवेदक को अनुलग्नक-क के अनुसार व्यवसाय शिक्षु (आईटीआई) के लिए आवेदन-पत्र भरना है और प्रमाण-पत्र प्रतियों के साथ स्कैन की गई प्रति को पीडीएफ प्रारूप में डीएलआरएल मेल आईडी **dlrlpost@dlrl.drdo.in** के माध्यम से मेल करना है.

घ) अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा.

ड.) आवेदन करने की अंतिम तिथि: विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 10 दिन.

निदेशक, डीएलआरएल